Title: Need to allocate adequate funds for development of Bundelkhand region of Uttar Pradesh. - Laid

श्री अशोक कुमार सिंह चंदेल (हमीरपुर, उ0प्र0) : माननीय अध्यक्ष महोदय, देश भर के पर्वतीय और अविकसित क्षेत्रों के विकास हेतु "विशो क्षेत्र कार्यक्रम" के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, पश्चिमी घाट विकास कार्यक्रम, सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम, राट्रीय सम विकास योजना को केन्द्र अतिरिक्त धनराशि प्रदान करती है ताकि इन क्षेत्रों का विकास देश की विकास लक्ष्य के समतुल्य हो सके। उसी प्रकार उत्तर प्रदेश जैसे बहुत बड़े राज्य में अति पिछड़ा बुंदेलखंड क्षेत्र है, जहां के कई जनपदों में विकास की गति बहुत ही धीमी है। कारण यह है कि यह क्षेत्र एक तो पर्वतीय है दूसरा सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण कृिा क्षेत्र भी पिछड़ा हुआ है और न कोई ऐसा बड़ा कल-कारखाना है, जिससे यह क्षेत्र आर्थिक रूप से विकास कर सके। जबकि देश की आर्थिक विकास दर आज 5 से 6 प्र ातिशत है, वहीं इस बुंदेलखंड क्षेत्र की 2 से 3 प्रतिशत।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं कि " विशो क्षेत्र कार्यक्रम" के अंतर्गत अत्यंत पिछड़े जनपद हमीरपुर, महोबा के समुचित विकास हेतु उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र को जोड़ दिया जाये और एक अति पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र परिाद का गठन किया जाये ताकि इस क्षेत्र के सभी जनपदों का विकास केन्द्र द्वारा अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध हाने से हो सके।